पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

<u>राजभवन में 'अर्थ आवर' मनाया गया</u>

<u>राजभवन में गैर जरूरी बिजली का उपयोग एक घंटा नहीं किया गया</u>

लखनऊः 20 मार्च, 2016

राजभवन लखनऊ में आज 'अर्थ-आवर' मनाया गया। इस अवसर पर रात्रि 8.30 से 9.30 बजे तक गैर जरूरी बिजली को बन्द कर ऊर्जा बचत तथा पर्यावरण संरक्षण एवं सुधार अभियान में सहयोग किया गया। डब्लू0डब्लू0एफ0 द्वारा इस वर्ष अर्थ आवर का आयोजन 19 मार्च को किया गया था। किन्तु 19 मार्च को आई0ए0एस0 सर्विस वीक के अवसर पर पूर्व निर्धारित रात्रिभोज के कारण एक घंटे के लिए बिजली का उपयोग बंद करना संभव नहीं था। अर्थ आवर के भाव को व्यवहार में लाने की दृष्टि से राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज राजभवन में एक घंटे के लिए गैर जरूरी बिजली का उपयोग न करने का निर्णय लिया है।

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने कहा कि ऊर्जा बचत की दृष्टि से अर्थ-आवर का आयोजन सभी के लिये महत्वपूर्ण है। इससे हमंे जहां गैर जरूरी बिजली का उपयोग न करने का संदेश मिलता तो वहीं पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा भी मिलता है। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा के प्रयोग पर ज्यादा से ज्यादा जोर दिया जाना चाहिये।

अंजुम/ललित/राजभवन(113/35)